**SRIGANGANAGAR ZILA DUGDH UTPADAK SAHAKARI SANGH LTD**
Industrial Area, Hanumangarh Jn.-335512
Tel No. 01552-260588, 260522, Fax-262847, E-mail: gngmu-rj@nic.in

क्रमांक / गंगमूल / 2024 4690-93 दिनांक 23.08.2024

## निविदा सूचना

श्रीगंगानगर जिला दुग्ध उत्पादक सहकारी संघ लि0, हनुमानगढ जं0 संघ की आमसभा हेतु वार्षिक प्रतिवेदन (बुकलेट) 800 नग प्रिन्टिग करवाने हेतु निविदा आमत्रित की जाती है। इच्छुक व्यक्ति / फर्म निविदा प्रपत्र को संघ कार्यालय से निर्धारित अवधि मे 236 / – रूपये निविदा शुल्क एवगं 2000 / – रूपये अमानत राशि जमा करवाकर निविदा प्राप्त कर पूर्ण रूप से भरे हुये निविदा प्रपत्र दिनांक 31.08.2024 को दोपहर 1.00 बजे तक संघ कार्यालय हनुमानगढ मे जमा करवाये जा सकेगें प्राप्त निविदा उसी दिन 2.00 बजे संघ के कार्यालय मे उपस्थित निविदादाताओ के समक्ष खोली जावेंगी। उक्त निविदा प्रपत्र www.sppp.rajasthan.gov.in वेबसाईट एवमं संघ की वेबसाईट से भी डाउनलोड किया जा सकता है।

(उग्रसेन सहारण)
प्रबंध संचालक

प्रतिलिपि-

1. अतिरिक्त निजी सचिव प्रबंध संचालक महोदय को सूचनार्थ।
2. प्रभारी पीएण्डआई / लेखा
3. संघ संयत्र नोटिस बोर्ड।
4. सम्पादक.................................को भेजकर लेख है कि उक्त निविदा को आप अपने हिन्दी समाचार पत्र मे.................................स्थान मे शीघ्रताशीघ्र एक बार संघ के लोगो के साथ प्रकाशित करें।
5. कार्यालय / रक्षित पत्रावली।

प्रबंध संचालक

form No-(01)

# SRIGANGANAGAR ZILA DUGDH UTPADAK SAHAKARI SANGH LTD

Industrial Area, Hanumangarh Jn.-335512
Tel No. 01552-260588, 260522, Fax-262847, E-mail: gngmu-rj@nic.in

प्रबन्ध संचालक श्री गंगानगर जिला दुग्ध उत्पादक सहकारी संघ लि० हनुमानगढ़ जंक्शन

## निविदा फार्म

निविदा शुल्क :- 236.00 जीएसटी सहित

1. कार्य का नाम :- वार्षिक प्रतिवेदन (बुकलेट) की प्रिटिंग का कार्य
2. निविदा खोलने की दिनांक :- 31.08.2024 दोपहर 1.00 बजे तक जमा होगी एवं 2.00 बजे खुलेगी।
3. निविदादाता का नाम व पता :- ..........
..........
..........
..........
4. दूरभाष /मो0न0 :- ..........
5. पैन नं0 :- ..........
(प्रति संलग्न करनी होगी)
6. जीएसटी नं0 :- ..........
(प्रति संलग्न करनी होगी)
7. मैनें निविदा फार्म शुल्क राशि 236/- रसीद संख्या ..........दिनांक .......... द्वारा संघ कार्यालय में नकद जमा करवा दिये हैं।
8. मैनें निविदा फार्म के साथ अमानत राशि 2,000/- रसीद संख्या ..........दिनांक .......... द्वारा संघ कार्यालय में नकद जमा करवा दिये हैं।
9. संलग्न समस्त नियम एवं शर्तो को मैने ध्यानपूर्वक पढ लिया व समझ लिया है जो मुझे बिना मेरी किसी शर्त के स्वीकार है जिसके सहमति प्रमाण स्वरूप मैनें निविदा फार्म के प्रत्येक पृष्ठ पर हस्ताक्षर किये हैं। निविदा अनुसार वार्षिक प्रतिवेदन की दर निम्नानुसार है--

**मापदण्ड विवरण –**

-- मुख्य पृष्ठ मल्टीकलर डिजाइनिंग, 300 जीएसएम मैट पेपर (मैट लेमिनेशन सहित)।
-- कुल पृष्ठ लगभग 60 मल्टीकलर डिजाइनिंग 170 जीएसएम मैट पेपर।
-- साईज – 21.5 गुणा 28 से0मी0।

**अनुमानित मात्रा** – 800 नग मय सिंगल कलर प्रिन्टेड लिफाफा

| दर प्रति नग | अंको में | शब्दों में |
|---|---|---|
| -- 60 पृष्ठ की बुकलेट मय मुख्य पृष्ठ एवं सिंगल कलर प्रिन्टेड लिफाफा हेतु दर रूपए प्रति बुकलेट (समस्त कर सहित) | .......... | .......... |

हस्ताक्षर निविदादाता मय मोहर

# SRIGANGANAGAR ZILA DUGDH UTPADAK SAHAKARI SANGH LTD

Industrial Area, Hanumangarh Jn.-335512

Tel No. 01552-260588, 260522, Fax-262847, E-mail: gngmu-rj@nic.in


## निविदा शर्ते

1. निविदादाता को निविदा फार्म के साथ पैन कार्ड एवं जीएसटी नं0 की छायाप्रति संलग्न करनी होगी अन्यथा निविदा फार्म निरस्त माना जावेगा।
2. बिना अमानत राशि के जमा करवाया गया निविदा फार्म मान्य नहीं होगा। अमानत राशि पर कोई ब्याज देय नहीं होगा।
3. न्यूनतम दर वाले दो निविदादाताओं की अमानत राशि रोकी जावेगी तथा कार्य प्रारम्भ होने पर द्वितीय निविदादाता की अमानत राशि लौटा दी जावेगी।
4. दर स्वीकार न होने पर केवल अमानत राशि लौटाई जावेगी। उस पर किसी प्रकार का ब्याज देय नहीं होगा।
5. आवश्यकता होने पर नेगोशियेशन भी किया जा सकता है।
6. निविदा बंद लिफाफे में भरकर संघ मे जमा करवानी होगी जिस पर कार्य का नाम अंकित करना होगा। निविदा फार्म साफ--साफ शब्दों/अंको में भरी होना चाहिए एंव किसी प्रकार की कांट-छांट पर हस्ताक्षर होने आवश्यक है। शब्दों व अंको की दर मे अंतर पाये जाने पर शब्दों में लिखी दर को मान्यता दी जावेगी।
7. दर 60 पृष्ठ की बुकलेट मय मुख्य पृष्ठ की देनी होगी, जिसमें प्रिन्टेड लिफाफा शामिल होगा। बुकलेट का प्रारूप निविदा खुलने के दिन संघ कार्यालय में देखा जा सकता है।
8. सफल निविदादाता को संघ के साथ 100 रूपए के नॉन ज्यूडिशियल स्टाम्प पेपर पर अनुबंध निश्पादित करना होगा।
9. निविदादाता को कार्य करने हेतु किसी भी प्रकार का अग्रिम भुगतान देय नहीं होगा।

हस्ताक्षर निविदादाता मय मोहर

# SRIGANGANAGAR ZILA DUGDH UTPADAK SAHAKARI SANGH LTD

Industrial Area, Hanumangarh Jn.-335512

Tel No. 01552-260588, 260522, Fax-262847, E-mail: gngmu-rj@nic.in


## सफल निविदादाता हेतु अनुबंध शर्तें

1. बिल का भुगतान बुकलेट मय प्रिन्टेड लिफाफे की गुणवत्ता सही पाये जाने पर ही किया जावेगा। गुणवत्ता सही नहीं होने पर बुकलेट मय प्रिन्टेड लिफाफे के पार्टी को वापिस लौटाने का अधिकार संघ को होगा व वापिस उठाये बुकलेट मय प्रिन्टेड लिफाफे का समस्त खर्चा पार्टी का होगा एवं कोई भुगतान देय नहीं होगा।
2. फर्म द्वारा दी गई सभी दरें समस्त लागू टैक्स सहित होंगी। किसी भी प्रकार के टैक्स यदि देय हो तो उसके लिए फर्म स्वंय जिम्मेदार होगी।
3. नियमानुसार किसी भी प्रकार के लागू टैक्स की कटौति फर्म के बिल से की जावेगी।
4. प्रत्येक सामान की पहुंच गंगमूल डेयरी परिसर, हनुमानगढ़ जं0 में देनी होगी।
5. स्वीकृत दर पर तय समय में कार्य प्रारम्भ नहीं करने पर संघ में जमा अमानत राशि जब्त कर ली जावेगी।
6. निविदा में दी गई मात्रा अनुमानित है जिसे संघ आवश्यकतानुसार घटाया/बढ़ाया जा सकता है।
7. बुकलेट के प्रत्येक पृष्ठ का डिजाईन संघ से अनुमोदित करवाने के पश्चात ही बुकलेट प्रिन्ट कर संघ को सप्लाई करनी होगी। बुकलेट डिजाईन के अनुरूप नहीं होने अथवा निम्न गुणवत्ता की होने पर किसी तरह का भुगतान देय नहीं होगा या संघ द्वारा कटौति की जा सकेगी।
8. संघ द्वारा उपलब्ध करवाये गये प्रारूप (मैटर) अनुसार ही निविदादाता को बुकलेट प्रिन्ट करनी होगी ।
9. निविदादाता को टाईपिंग, डिजाईनिंग व पेज सैटिंग इत्यादि कर संघ निर्देशानुसार बुकलेट प्रिन्ट करनी होगी ।
10. संघ द्वारा बुकलेट के प्रूफ को फाईनल करने के बाद निविदादाता को 5 दिवस में बुकलेट तैयार कर संघ में भिजवानी होगी। निर्धारित समय में बुकलेट सप्लाई न करने की दशा में अमानत राशि जब्त की जा सकती है तथा संघ द्वारा किसी प्रकार का भुगतान देय नहीं होगा।
11. बुकलेट में 60 पृष्ठों से अधिक/कम पृष्ठ होने पर बुकलेट की प्रति पृष्ठ दर अनुसार अधिक/कम पृष्ठों का भुगतान/कटौति होगी। बुकलेट में 60 पृष्ठ से अधिक/कम पृष्ठों की संख्या 4 पृष्ठ के गुणांक में होगी।
12. संघ में कार्यरत अधिकारी/कर्मचारी/संचालक मण्डल के सदस्य एवं उनके परिवार के आश्रित सदस्य निविदा में भाग नहीं ले सकेगें अन्यथा निविदा निरस्त करने का अधिकार संघ को होगा। निविदादाता नाबालिग, अयोग्य व ब्लैक लिस्टेड घोषित नहीं होना चाहिये। निविदादाता न्यायालय द्वारा घोषित अपराधी/दिवालिया करार नहीं होना चाहिये।
13. यदि निविदादाता के किसी भी कृत्य से संघ की साख/हित पर प्रतिकूल प्रभाव पडता है तो निविदादाता को ब्लैक लिस्टेड घोषित कर दिया जावेगा तथा संघ में जमा अमानत राशि व बकाया बिलों की राशि जब्त की जा सकेगी।
14. सभी विवादों का न्यायालय क्षेत्र हनुमानगढ़ ही होगा।

हस्ताक्षर निविदादाता मय मोहर